उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

मंगलवार,

19 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941

(दिनांक : 10 दिसम्बर, 2019)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>24.11.2019<br>श्री मनोज रावत<br>28.11.2019 | ** क्या स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में है कि प्रदेश के अन्तर्गत डेंगू रोग का प्रकोप फैल रहा है, जिससे अनेक लोगों की मृत्यु हो चुकी है ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि डेंगू रोग का इलाज अत्यन्त महंगा होने के कारण गरीब लोग इलाज नहीं करवा पाते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार गरीब तबके के लोगों हेतु मुफ्त इलाज या मुआवजा देने पर विचार करेगी ? | स्वास्थ्य |

नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.08.2019 | *1. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र जसपुर का भू–जल स्तर खतरनाक रूप से गिरता जा रहा है, जिसके कारण नलों व नलकूपों तथा बोरिंगों में पानी कम होने से सैकड़ों हेक्टेयर भूमि असिंचित है, जिससे किसानों की फसल खराब हो रही है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सिंचाई विभाग भू–जल स्तर सुधारने तथा असिंचित भूमि तक पानी पहुंचाने की यथाशीघ्र कोई योजना बना रहा है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.08.2019 | *2. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने एवं पर्यटकों से होने वाली आमदनी से राज्य में आय के स्रोत बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.08.2019 | *3. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खाद्यान्न की पैदावार में आत्मनिर्भरता बनाये रखने के लिए सिंचाई क्षमता में अभी और वृद्धि किये जाने की आवश्यकता है ? क्या यह सत्य है कि सिंचाई क्षेत्र की प्रमुख कमियों को दूर करना और उपलब्ध जल संसाधनों की समूची क्षमता का उपयोग तथा उनका तेजी से विकास आवश्यक हैं ? यदि हां तो, सरकार द्वारा इस दिशा में क्या–क्या उपाय किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.08.2019 | *4. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति दी जाती है ? यदि हां, तो राज्य में अभी तक कौन–कौन सी छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं तथा उनका विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त छात्रवृत्तियां छात्र–छात्राओं के खातों में ट्रांसफर कर दी जाती है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन छात्रवृत्तियों को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से नियन्त्रित करने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री संजय गुप्ता<br>06.08.2019 | *5. क्या अल्प संख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने मदरसे हैं और ये कब से संचालित हो रहे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा इन्हें कोई आर्थिक सहायता दी जाती है तथा इसके ऑडिट की क्या व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसका सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्प संख्यक कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| स्वामी यतीश्वरानन्द<br>06.08.2019 | *6. क्या सिचांई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में वर्षाकाल में गंगा व सहायक नदियों के किनारे स्थित कांगड़ी, गाजीवाली, पीली, टाटवाला, रसूलपूर, मीठीबेरी, लाहड़पुर, चिड़ियापुर आदि गांवों की कृषि भूमि का कटाव हो जाता है जिससे गरीब किसान सैकड़ों की संख्या में आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं ? क्या सरकार इस त्रासदी को रोकने के लिए उक्त गांवों के निकट उपयुक्त मात्रा में मजबूत तटबन्ध बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह<br>07.08.2019 | *7. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लगातार नशावृत्ति में वृद्धि हो रही है ? सरकार द्वारा नशावृत्ति को रोकने के लिए क्या–क्या उपाय किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>07.08.2019 | *8. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश को योग प्रदेश के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या–क्या प्रयास किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>09.08.2019 | **द्वितीय मंगलवार के तारांकित प्रश्न संख्या 04 में स्थानान्तरित।**<br>*9. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल में भीमताल झील के बने डैम की स्थिति जीर्ण–शीर्ण हालत में है? डैम के टूटने से भीमताल झील विलुप्त हो सकती है तथा डैम के किनारे रहने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है? क्या सरकार झील के रखरखाव हेतु डैम का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.08.2019 | *10. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा अनुबन्धित ढाबों पर उत्तराखण्ड के यात्रियों के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है ? क्या निगम द्वारा ढाबों पर नियमित जांच की जा रही है ? यदि हां, तो अब तक कितने अनुबन्धित ढाबों पर क्या कार्यवाही की गयी है ? प्रदेश के यात्रियों के सुगम परिवहन हेतु इस सम्बन्ध में क्या नीति है? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>09.08.2019 | *11. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में सिंचाई विभाग में कई ऐसे ठेकेदार ठेका ले रहे है जो ठेकेदार पूर्व में उत्तराखण्ड लोक निर्माण | सिंचाई |

विभाग में तमाम फर्जीवाड़ा करके बड़े–बड़े ठेके हथिया चुके हैं एवं उन ठेकेदारों की सरकार द्वारा जांच भी करायी गयी एवं जांच के उपरान्त ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारी दोनों को जांच में दोषी पाये जाने के बाद ठेकेदार पर एफ0आई0आर0 भी दर्ज करायी गयी है? लेकिन वही ठेकेदार बिना दोष मुक्त हुये सिंचाई विभाग में लगातार विभाग की मिलीभगत से निविदायें डाल रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे ठेकेदारों को निविदा डालने से तत्काल प्रतिबन्धित करेगी और इन्हें अपने विभाग में काली सूची में डालेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.08.2019 | *12. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार वाहन दुर्घटनाएं हो रही हैं ? क्या विभाग द्वारा इन दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कोई ठोस कदम उठाये गये हैं, जिससे दिन प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाया जा सके ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.09.2019 | *13. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा देय वृद्धावस्था, विधवा तथा विकलांग पेंशन में किस वर्ष धनराशि में बढ़ोत्तरी की गई थी ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान समय में देय पेंशन राशि, वृद्धों, अशक्तों तथा विधवा महिलाओं के जीवन निर्वाह हेतु पर्याप्त है? यदि नहीं, तो क्या सरकार वृद्धावस्था, विधवा तथा दिव्यांगजन मासिक पेंशन में प्रतिमाह रू0 500/– की वृद्धि करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | समाज कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.10.2019 | **स्थगित।**<br>*14. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने एन0जी0ओ0 (नॉन गवर्नमेन्ट ऑर्गनाईजेशन) कार्यरत हैं ? प्रत्येक एन0जी0ओ0 के अलग–अलग कौन–कौन से क्रियाकलाप है एवं किस–किस क्षेत्र में कार्यरत है? क्या मन्त्री जी सम्बन्धित एन0जी0ओ0 के नाम, उनके अलग–अलग आय के साधन क्या है, का विवरण देने का कष्ट करेंगे? क्या मन्त्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 3 वित्तीय वर्षों मे शासन द्वारा सम्बन्धित प्रत्येक एन0जी0ओ0 को कितनी–कितनी वित्तीय सहायता दी गई है और क्या सरकार इस बात से पूर्णतः सहमत है कि सम्बन्धित एन0जी0ओ0 अपने मिशन के प्रति सही कार्य कर रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>17.10.2019 | *15. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि काशीपुर में बाजपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन आ0ओ0बी0 का कार्य उत्तराखण्ड परिवहन विभाग काशीपुर के बस अड्डे एवं वर्कशॉप को स्थानान्तरित न किए जाने से बाधित हो रहा है और बन्द होने के कगार पर है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा | परिवहन |

उत्तराखण्ड परिवहन निगम काशीपुर के बस अड्डे एवं वर्कशॉप को निर्माणाधीन फोरलेन बाईपास से लगे ग्राम सरबरखेड़ा में स्थापित किए जाने हेतु भूमि हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है? यदि हां, तो स्थाई बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>15.11.2019 | *16 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में सिंचाई हेतु कितने नलकूप हैं ? इन नलकूपों में कितने कार्य कर रहे हैं और कितने निष्क्रिय हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रत्येक निष्क्रिय नलकूप किस दिनांक से निष्क्रिय है और क्यों ? क्या सरकार ने निष्क्रिय नलकूपों को यथाशीघ्र सुचारू करने हेतु कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>19.11.2019 | *17. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत सिंचाई की गम्भीर समस्या के निदान हेतु सिंचाई नलकूप स्थापित किये जाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री केदार सिंह रावत<br>20.11.2019 | *18. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि वर्ष, 2018 के जुलाई माह में यमुनोत्री व जानकीचट्‌टी में बाढ़ से भारी क्षति हुई थी ? जानकीचट्‌टी में बाढ़ सुरक्षाकार्यों को अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग, सार्वजनिक वाहन पार्किंग व घाट, लघुजल विद्युत गृह की चैनल व लघुजल विद्युत गृह सहित आबादी क्षेत्र को भारी क्षति की आंशका बनी हुई है ? यदि हां, तो क्या जानकीचट्‌टी में बाढ़ सुरक्षा कार्य को शीघ्र स्वीकृत करने पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण |
| श्री सौरभ बहुगुणा<br>06.08.2019 | *19. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सितारगंज में स्थित सिडकुल सितारगंज को रेल हैड से जोड़ने का कार्य शासन स्तर पर प्रस्तावित है ? क्या सिडकुल सितारगंज को रेल हैड से जोड़ने के लिये पूर्व में रेल एलायनमैन्ट कार्य (रेल की लाईन बिछाने का कार्य) हेतु कोई धनराशि स्वीकृत की गई है? मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सिडकुल सितारगंज को रेल हैड से जोड़ने के कार्य में क्या मंशा है ? अद्यतन क्या प्रगति है क्योंकि रेल मार्ग के सापेक्ष महंगे सड़क मार्ग के कारण अधिकांश उद्योग व व्यापार प्रभावित होकर बन्दी के कगार पर हैं ? | परिवहन |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>05.08.2019 | 1. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग की विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ का अनुसूचित जाति उपयोजना एवं जनजाति उपयोजना के अन्तर्गत चयन किया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त चयनित गांव के विकास हेतु राज्य सरकार की क्या योजना है ? | समाज कल्याण |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.08.2019 | 2. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र जसपुर में बहने वाली ढेला नदी में बरसात के मौसम में बाढ़ आने से प्रतिवर्ष नदी के किनारे बसे ग्राम बगवाड़ा, रामजीवनपुर, सखरखेड़ा तथा फीका नदी में बाढ़ के कारण ग्राम किरानपुर, वगीची, पूरनपुर, राजपुर के निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो उक्त नदियों ढेला व फीका की बाढ़ से स्थानीय निवासियों के जान माल की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं और क्या बरसात से पूर्व नदियों के तटबन्ध को पक्का कराये जाने के लिये सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार योजना का प्रारूप सदन को उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.08.2019 | 3. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जसपुर शहर में स्थायी रोडवेज बस स्टैण्ड का निर्माण नहीं हुआ है? क्या सरकार जन समस्या को देखते हुये जसपुर में रोडवेज बस डिपो का निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.08.2019 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में साहसिक गतिविधियों के लिए देश अथवा विदेश से आने वाले पर्वतारोहियों का विवरण रखने के लिए कौन सा विभाग उत्तरदायी है ? क्या यह सत्य है कि आपदा प्रबन्धन विभाग तथा एस.डी.आर.एफ. की अनुमति पर्वतारोही द्वारा नहीं ली जाती है? क्या सरकार प्रदेश में साहसिक गतिविधियों के दौरान घटित होने वाली दुर्घटनाओं में कमी करने के लिए ऐसे पर्वतारोही दलों का विवरण पर्यटन–पुलिस–स्थानीय अभिसूचना–एस.डी.आर.एफ.तथा आपदा प्रबन्धन दल को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था लागू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.08.2019 | 5. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर में सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण का पद पिछले एक वर्ष से रिक्त चल रहा है? क्या यह सत्य है कि उक्त पद के रिक्त चलने से समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर कुप्रभाव पड़ रहा हैं ? यदि हॉ तो उक्त रिक्त पद पर कब तक तैनाती कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो | समाज कल्याण |

क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 06.08.2019 | 6. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में कुल कितनी सिंचाई नहरें अतिवृष्टि, भू–स्खलन तथा बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष, 2017–18 व 2018–19 में ऐसी किन–किन नहरों पर कितनी–कितनी धनराशि के अनुरक्षण तथा पुनर्निर्माण कार्य करवाये गये ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 06.08.2019 | 7. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड ग्रामीण पर्यटन उत्थान योजना अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए किन–किन मदों अथवा योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि एकल ग्राम विकास योजनान्तर्गत अन्य गांवों को इस योजना में जोड़ने तथा चयनित ग्रामों के विकास करने की योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह 06.08.2019 | 8. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत आराकोट–त्यूनी व त्यूनी–प्लासू जल विद्युत परियोजना कब प्रस्तावित हुई ? सरकार द्वारा उक्त योजना की स्वीकृति के साथ–साथ कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी 06.08.2019 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 39 में स्थानान्तरित।** 9. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि राज्य में टिहरी बांध परियोजना में विद्युत उत्पादन किया जा रहा है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2018–19 में कितनी बिजली का उत्पादन हुआ तथा उससे राज्य को 12.5% बिजली रायल्टी के रूप में कितनी धनराशि प्राप्त हुयी है ? क्या यह भी सत्य है कि टिहरी झील में जल भराव के दौरान जमा बजरी, पत्थर को झील का पानी कम होने पर निकाला जाता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक झील में कितना सिल्ट जमा हुआ है तथा उसके सापेक्ष कितना निकाला गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा 07.08.2019 | **द्वितीय मंगलवार अतारांकित प्रश्न संख्या 16 में स्थानान्तरित।** 10. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा ब्लॉक में हरीश ताल व लोहाखाम ताल दो सुन्दर झीलें हैं? उक्त दोनों झीलों के रख–रखाव व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह 07.08.2019 | 11. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2019 में केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री, पिरान कलियर व हेमकुण्ड साहिब में कितने तीर्थ यात्रियों का आवागमन हुआ ? यात्रियों के आवागमन हेतु सरकार द्वारा | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| | क्या–क्या व्यवस्थायें की गई है ? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.08.2019 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>12. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड गठन के बाद से स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत जनपदवार विधान सभा क्षेत्रों में कितना–कितना बजट आवंटित किया गया है ? क्या सरकार इसका प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री संजय गुप्ता<br>07.08.2019 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 14 में स्थानान्तरित।**<br>13. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लक्सर में पश्चिम वाहिन गंगा के तट पर महाभारत से पंचलेश्वर महादेव मन्दिर है, जिसका तीर्थाटन परम्परा में प्राचीन काल से बहुत बड़ा महत्व है? क्या सरकार द्वारा पंचलेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में तीर्थाटन सेवाओं के विस्तार और प्रचार की कोई योजना तैयार की जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री संजय गुप्ता<br>07.08.2019 | **प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 65 में स्थानान्तरित।**<br>14. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि आगामी कुम्भ मेला हरिद्वार में होगा और सम्पूर्ण मेला क्षेत्र लगभग 130 वर्ग कि0मी0 में है ? जिसमें प्रमुखतः हरिद्वार, देहरादून, टिहरी व पौड़ी जनपदों के भू–भाग मेला क्षेत्र में आयेंगे। मेले में आने वाले यात्रियों के लिए लक्सर क्षेत्र भी तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अनेकों स्थल पौराणिक महत्व के हैं तथा यह हरिद्वार के निकट एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग है ? क्या सरकार द्वारा लक्सर को मेले क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने की कोई योजना विचाराधीन हैं ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री संजय गुप्ता<br>07.08.2019 | 15. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लक्सर में भौगोलिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण सोलानी नदी की सफाई पिछले लगभग 15–20 वर्षों से नहीं हुई है, जिससे पानी ओवरफ्लो होकर लक्सर नगर में भी घुस जाता है और बड़े स्तर पर आर्थिक हानि का कारण बनता है? क्या सरकार द्वारा सोलानी नदी की सफाई वर्ष दर वर्ष होती रहे इसके लिए विभाग को आवश्यक दिशा–निर्देश दे दिये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2019 | 16. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश में गंगा नदी नहरों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का बंटवारा पूर्ण रूप से हो चुका है? उत्तराखण्ड के कितने मामले लम्बित हैं तथा उनका कब तक बंटवारा किये जाने की संभावना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2019 | 17. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभागीय अधिकारियों द्वारा सरकारी गाड़ियों के दुरूपयोग पर सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| | है ? विशेष रूप से चैकिंग वाहनों का भी निजी इस्तेमाल अधिकारीगण कर रहे हैं इसमें सरकार ने क्या कार्यवाही की हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| स्वामी यतीश्वरानन्द<br>08.08.2019 | 18. क्या सिचांई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में अधिसंख्य जनता रोजी–रोटी के लिए कृषि पर निर्भर है ? क्या यह सत्य है कि लालढांग क्षेत्र के अन्तर्गत रसूलपुर, मीठीबेरी, अन्दर पीली आदि गांवों में विशेषकर सिंचाई के साधनों की अत्यधिक कमी है जबकि कृषि क्षेत्र काफी विस्तृत है ? क्या सरकार किसानों की सिंचाई सम्बन्धी समस्या को दूर करने के लिए उक्त ग्रामों में ट्यूबवेल लगवाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>09.08.2019 | 19. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य अन्तर्गत प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों को विकसित करने की सरकार कोई योजना बना रही है या कोई विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत पड़ने वाले प्रसिद्ध पर्यटक स्थल श्री देव गुरू महाराज मन्दिर, मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर तथा छोटे कैलाश मन्दिर को विकसित करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ? यदि कर रही है तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>09.08.2019 | 20. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, भीमताल विधान सभा के ओखलकाण्डा ब्लाक में भोलापुर से कुन्डल तक 2 कि0मी0 सिंचाई नहर सिंचाई विभाग से बनी है जो पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी है एवं किसानों की भूमि बंजर हो चुकी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर के जीर्णोद्धार के लिए धन आवंटन कब तक करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.08.2019 | 21. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2017–18 व 2018–19 में वर्षवार तथा जनपदवार घायलों तथा मृतकों की संख्या क्या हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि इन सड़क दुर्घटनाओं में घायलों तथा मृतकों के परिजनों को सरकार द्वारा देय प्रतिकर का एक समान भुगतान किया जा चुका है ? सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु क्या–क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.08.2019 | 22. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में छात्रवृत्ति आवंटन में गड़बड़ी रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे है ? क्या सरकार बतायेगी कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवंटन हेतु प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण (डी0बी0टी0) और आधार से जोड़ने से गड़बड़ियों/धांधली में रोक लगायी जा सकती है ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के आवंटन हेतु डी0बी0टी0 और | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| | आधार से जोड़ेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.08.2019 | 23. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई की नई विधियों यथा– बौछारी, टपकन या बूंद–बूंद सिंचाई पद्धति को अपनाकर सिंचाई की दक्षता बढ़ाई जा सकती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सिंचाई पद्धति को अपनाये जाने के लिए प्रदेश के कृषकों को आवश्यक सामग्री/संसाधन अनुदान पर उपलब्ध करा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.08.2019 | 24. क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व में संचालित 'मेरे बुजुर्ग–मेरे तीर्थ' चार धाम यात्रा अर्न्तगत वर्तमान में सरकार द्वारा प्रदेश में बुजुर्गों के लिए यात्रा कार्यक्रम संचालित किया गया हैं? यदि हां, तो इस वर्ष कुल कितने ऐसे बुजुर्गों को चार धाम तीर्थो के दर्शनीय स्थलों का सरकार द्वारा यात्रा कराये जाने का प्रस्ताव हैं और कब से यात्रा प्रारम्भ की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | तीर्थाटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.08.2019 | 25. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार दिव्यांग छात्र–छात्राओं की संख्या क्या हैं ? क्या यह सत्य है कि दिव्यांग छात्र–छात्राओं को केवल 50 रु0 प्रतिमाह ही छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है जबकि उच्च न्यायालय द्वारा रू0 1000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति दिये जाने के निर्देश शासन को दिये गये है ? यदि हां, तो उच्च न्यायालय के निर्देशासनुसार छात्रवृत्ति का भुगतान कब से करवाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री राजकुमार<br>13.08.2019 | 26. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महासू देवता को पांचवा धाम घोषित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.08.2019 | **प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 66 में स्थानान्तरित।**<br>27. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार एक कुंभ नगरी है और पूर्व में कुंभनगरी के क्षेत्रफल में केवल हरिद्वार नगर का क्षेत्रफल ही सम्मिलित था, जबकि हरिद्वार जनपद आस्था के कारण जनपद का सम्पूर्ण क्षेत्र हरिद्वार कुंभ क्षेत्र तत्समय से ही पूर्व घोषित होना चाहिए था, जबकि कुंभ क्षेत्र में पहले ऋषिकेश शामिल किया गया था तथा अर्द्धकुंभ के समय में नरेन्द्रनगर, रूद्रप्रयाग को भी शामिल किया गया है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद के प्रवेश द्वार तथा अन्य क्षेत्रफल, जो कुंभनगरी से सटा हुआ है, को शामिल किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.08.2019 | **स्थगित।**<br>28. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2018–2019 में एस0सी0पी0 योजना अन्तर्गत कितनी धनराशि अवमुक्त की | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| | गई तथा उसमें से कितनी धनराशि व्यय की गई ? विधान सभा क्षेत्र –29, झबरेड़ा में कितनी धनराशि खर्च की गयी है तथा उसकी अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या व्यय की गई राशि से सभी एस0सी0पी0 के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 20.08.2019 | 29. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न स्रोतों से जल संसाधनों की उपलब्धता, जल संसाधनों की स्थिति, जल का उपयोग और उसके वितरण की विधि, प्रदूषण की समस्या और उससे सम्बन्धित सामाजिक व आर्थिक पहलुओं पर विश्वसनीय आंकड़ों का कोई डाटाबेस तैयार किया गया है ? यदि हां, तो वह डाटाबेस क्या है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार जल संसाधन विकास तथा प्रबन्ध योजना तैयार करने हेतु ठोस व विश्वसनीय डाटाबेस तैयार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 20.08.2019 | 30. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत धनोल्टी–खाद–मोरियाणा क्षेत्र अभूतपूर्व प्राकृतिक सौन्दर्य से सुसज्जित बुरांश आदि पेड़ों का घना व आकर्षक जंगल है ? क्या यह सत्य है कि धनौल्टी–मोरियाणा टॉप सर्किट योजनान्तर्गत इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने से पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनने के साथ–साथ स्थानीय लोगों को भी रोजगार प्राप्त होगा ? यदि हां, तो क्या सरकार धनोल्टी–खाद– मोरियाणा क्षेत्र का पर्यटन सर्किट के रूप में विकास करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 20.08.2019 | 31. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति के कल्याण हेतु स्थापित नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा क्या योजनाएं बनाई गयी है, तथा उनके क्या परिणाम निकले है ? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह 21.08.2019 | 32. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2019 में प्रदेश में किन–किन तीर्थ स्थलों पर कितने तीर्थ यात्रियों का आवागमन हुआ? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी 22.08.2019 | 33. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध विस्थापितों के विस्थापन के लिए पुनर्वास हेतु नीति का प्राविधान है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक टिहरी बांध विस्थापितों के विस्थापन के कितने प्रकरण लम्बित हैं ? क्या यह भी सत्य है कि टिहरी बांध विस्थापित डिवनू के 35 परिवारों को आवासीय भूखण्ड उपलब्ध करा दिये गये हैं? यदि हां, तो क्या सरकार इसी प्रकार के ग्राम कठियागांव के 35 परिवारों को आवासीय भूखण्ड उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्यवाही करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.08.2019 | 34. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि परिवहन विभाग राज्यभर के भीतर टूरिस्ट बसों के लिए परमिट जारी करता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में परमिट व्यवस्था में परिवहन विभाग किस प्रकार से परमिट जारी करता है? क्या यह भी सत्य है कि गढ़वाल मण्डल में विभिन्न मोटर ऑनर्स कॉर्पोरेशन द्वारा बसे चलायी जाती है ? यदि हां, तो वर्तमान में टिहरी गढ़वाल मोटर ऑनर्स कॉर्पोरेशन को किन–किन रूटों पर टूरिस्ट परमिट जारी किये गये है? क्या इसका विवरण मंत्री जी उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.08.2019 | 35. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा गंगा मां को पवित्र रखने के लिए महापुरूषों, देवी–देवताओं व भक्तों के नाम से जो घाट बनाए जा रहे हैं उसमें से गंगा के परम भक्त सन्त शिरोमणि गुरू रविदास जी के नाम से घाट बनाए जाने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.08.2019 | 36. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्राम तांशीपुर में नहर किनारे धर्मशाला एवं रविदास मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | धर्मस्व |
| श्री धन सिंह नेगी<br>26.08.2019 | 37. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के भीतर लोकल कैरेज के नाम से विभिन्न ट्रांसपोर्ट कम्पनियों को परमिट दिये जाते है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक टिहरी गढ़वाल मोटर ऑनर्स कॉर्पोरेशन को किन–किन रूटों पर परमिट आवंटित किये गये हैं ? क्या यह भी सत्य है कि इन कम्पनियों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर परमिट नहीं दिये जाते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विवरण को सदन में उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.08.2019 | 38. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्राम भगतोवाली में रविदास मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | धर्मस्व |
| श्री धन सिंह नेगी<br>28.08.2019 | 39. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पार्किंग का निर्माण किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चम्बा में निर्मित पार्किंग के लिए अभी तक की गयी कार्यवाही का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>29.08.2019 | 40. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार दिये जाने की कार्यवाही गतिमान है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी | |

| | | |
|---|---|---|
| | यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा टिहरी बांध विस्थापितों/प्रभावितों को भूमिधरी अधिकार दिये जाने के बावत अभी तक की गई कार्यवाही का प्रगति विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि टिहरी बांध कैचमेन्ट एरिया में बिना अनुमति के कोई भी धार्मिक स्थल, मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, चर्च नहीं बनाया जा सकता है? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि टिहरी झील के पास खाण्डखाला में निर्मित मस्जिद किसकी अनुमति से बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>29.08.2019 | 41. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि सरकार ने 13 डिस्ट्रिक्ट, 13 न्यू टूरिस्ट डेस्टीनेशन बनाने का निर्णय लिया है? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद टिहरी के अन्तर्गत कोटी को नया डेस्टीनेशन बनाने के लिए वहां पर अवस्थापना विकास के लिए अभी तक की गयी कार्यवाही का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>29.08.2019 | 42. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पर्यटन विभाग के साथ साहसिक पर्यटन के लिए भी विभाग में पदों का सृजन किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में सरकार का साहसिक पर्यटन हेतु विभाग में ढांचा क्या है? क्या यह भी सत्य है कि साहसिक खेलों के लिए नियमावली बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार साहसिक खेलों का विस्तृत विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.08.2019 | 43. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्राम थिथकी में रविदास मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | धर्मस्व |
| श्री धन सिंह नेगी<br>30.08.2019 | 44. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध सिद्धपीठों, पर्यटक स्थलों पर रोपवे का कार्य चल रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार वर्तमान में निर्माणाधीन व चयनित रोपवे का विवरण उपलब्ध करायेगी? क्या यह भी सत्य है कि नये–नये पर्यटक स्थलों के विकास के लिए रोपवे का सर्वेक्षण कराने का सरकार का विचार है? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत कोटी कालोनी से नई टिहरी व कोटी से ईको पार्क कुटठा तक प्रस्तावित रोपवे के लिए कोई कार्य योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>30.08.2019 | 45. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए अधिगृहीत की गयी भूमि को लीज पर लिया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अधिगृहीत भूमि में से टी0एच0डी0सी0 के पास कितनी जमीन व कहां–कहां दी गयी है व टी0एच0डी0सी0 उस जमीन पर बिना सरकार की अनुमति के कोई कार्य कर सकती है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त अधिगृहीत भूमि जो टी0एच0डी0सी0 को दी गयी है, का दाखिला खारिज टी0एच0डी0सी0 के | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| | नाम किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार टी0एच0डी0सी0 के नाम दाखिला खारिज (अमल दरामद) की गयी जमीन का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.08.2019 | 46. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समस्त साहसिक खेलों का वार्षिक कैलेंडर तैयार किये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 02.09.2019 | **स्थगित।** 47. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत जनपदवार कितना बजट आवंटन किया गया है? जनपद हरिद्वार में वर्ष, 2017 जनवरी से दिसम्बर 2018 तक स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत क्या–क्या कार्य हुए? क्या सरकार जनपद हरिद्वार का पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.09.2019 | 48. क्या तीर्थाटन एवं धार्मिक मेला मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2018–19 में प्रदेश के किन–किन पौराणिक धार्मिक मेलों के संवर्द्धन, संरक्षण व प्रोत्साहन, आयोजन हेतु सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई है? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त वित्तीय वर्ष में जनपदवार किन–किन धार्मिक व सांस्कृतिक मेलों को कितनी–कितनी धनराशि का आवंटन किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन एवं धार्मिक मेला |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.09.2019 | 49. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान समय में वर्षाकाल के दौरान अतिवृष्टि, भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण कुल कितनी नहरें पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं ? कुल कितनी सिंचाई नहरें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं ? क्या सरकार पूर्ण क्षतिग्रस्त तथा आंशिक क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों का पुनर्निर्माण तथा मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.09.2019 | 50. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के भटवाड़ी प्रखण्ड में ग्राम पंचायत अठाली के क्यूलागाड़ से तिमली तोक तक निर्मित सिंचाई गूल दिनांक 25/07/2019 को अतिवृष्टि व भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुई है? क्या सरकार उक्त सिंचाई गूल का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.09.2019 | 51. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित कुल कितनी सिंचाई नहरें व हौज निर्मित है? क्या सरकार बतायेगी कि इनमें से कुल कितनी सिंचाई नहरें व हौज पुनर्निर्माण व मरम्मत योग्य है? क्या सरकार पुनर्निर्माण तथा मरम्मत योग्य सिंचाई नहरों तथा हौजों का पुनर्निर्माण/मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.09.2019 | 52. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनर्निर्माण, मरम्मत तथा विस्तार के लिए कुछ वर्षों से पर्याप्त धनावंटन नही हो पा रहा है? क्या यह सत्य है कि सिंचाई नहरों के लिए पर्याप्त धनावंटन न होने से इन नहरों का अस्तित्व ही खतरें में पड़ गया है? क्या सरकार पर्वतीय जनपदों की सिंचाई नहरों के पुनर्निर्माण, मरम्मत तथा | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| | विस्तार के लिए विशेष धनावंटन करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.09.2019 | **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 26 में स्थानान्तरित।**<br>53. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 08 जनवरी, 2019 को की गई घोषणा नाला जो सिलाखाला भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र से चलकर झबरेडा विधान सभा क्षेत्र, कलियर विधान सभा क्षेत्र से रूडकी विधान सभा क्षेत्र व मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के पानी को ग्रहण करता हुआ उत्तर प्रदेश की काली नदी में गिरता है व गणेशपुर का नाला जो रूड़की विधान सभा क्षेत्र से झबरेडा विधान सभा क्षेत्र से सिलाखाला में गिरता है, की खुदाई, अतिक्रमण हटाये जाने व सौन्दर्यीकरण करने से संबंधित थी, पर क्या कोई कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.09.2019 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 40 में स्थानान्तरित।**<br>54. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल के कन्या धन योजना के 230 छात्राओं के आवेदन पत्र आंगनबाड़ी केन्द्र, थत्यूड़, जौनपुर में स्वीकृति की प्रत्याशा में जमा हैं? यदि यह सत्य है तो क्या सरकार उत्तरदायी व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त आवेदक छात्राओं को कन्या धन योजना का लाभ दिया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.09.2019 | **स्थगित।**<br>55. क्या ग्रामीण तालाब विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण तालाब विकास हेतु कोई योजना गतिमान है? यदि हां तो वर्ष 2017–18 तथा 2018–19 में कुल कितने ग्रामीण तालाब विकसित किए गये है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि ग्रामीण तालाब निर्माण हेतु सरकार द्वारा काश्तकारों/ग्रामीणों को वित्तीय सहायता दी जा रही है? यदि हां तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्रामीण तालाब विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.09.2019 | 56. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी तथा टिहरी की जनता व जनप्रतिनिधियों, पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों तथा व्यवसायियों की भारी मांग के सम्बन्ध में अपने पत्रांक 601/उ.प.नि./2017 दिनांक 5/10/2017 के द्वारा प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून को 04 सूत्रीय मांग व सुझाव प्रेषित किये गये थे? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त मांग व सुझाव पत्र पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.09.2019 | 57. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी गढ़वाल मोटर्स ऑनर्स कॉर्पोरेशन प्रा0लि0 की बसें आजादी के बाद से ही उत्तरकाशी, देहरादून, बड़कोट आदि स्थानों पर संचालित हो रही है? मसूरी–देहरादून मार्ग अधिसूचित होने के कारण इनकी बसों का संचालन प्रशासन द्वारा प्रतिबन्धित किया गया है? क्या सरकार जनहित में इस कॉर्पोरेशन लि0 की बसों का उक्त मार्ग पर संचालन कराये जाने के आदेश पारित करेगी। यदि | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| | हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 06.09.2019 | 58. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में देहरादून से मार्ग कोड यू–7, यू–8, यू–9, यू–10, यू–11, यू–12, यू–13, यू–14, यू–15, यू–16 व यू–17 मोटर मार्गों पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की नियमित बसों का संचालन प्रारम्भ करवा लिया गया है? क्या सरकार उपरोक्त मोटर मार्गों पर सुरक्षित व समयबद्ध परिवहन सुविधा संचालित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल 16.09.2019 | 59. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नजरपुरा ब्लॉक नारसन में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराने हेतु पूर्व में सरकार को कई अनुरोध पत्र प्रेषित किये जाने के पश्चात भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है? क्या सरकार की उक्त पार्क के सौन्दर्यीकरण कराने की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 19.09.2019 | 60. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम लि0 की कितनी बसें उत्तराखण्ड डिपो के सभी वर्कशाप में खड़ी हैं? इन बसों के वर्कशाप में खड़े होने का क्या कारण हैं? इन बसों को चलाए जाने हेतु सरकार द्वारा क्या योजना बनाई जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री धन सिंह नेगी 20.09.2019 | 61. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए सरकार ने जमीन का अधिग्रहण किया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना के लिए सरकार ने कितनी व कहां–कहां जमीन अधिग्रहण की है? क्या यह भी सत्य है कि बांध परियोजना के लिए अधिग्रहित की गयी जमीन परियोजना के कार्यो के लिए ही दी जाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टी0एच0डी0सी0 के पास वर्तमान में अधिग्रहित की गयी जमीन का कितना हिस्सा मौजूद है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल 20.09.2019 | 62. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम माधोपुर, ब्लॉक रूड़की में कब्रिस्तान की चाहरदीवारी निर्माण कराने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल 23.09.2019 | 63. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 15 साल से अधिक पुरानी गाड़ियों को सड़कों से हटाने के लिए सरकार की कोई विशेष अभियान चलाने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल | 64. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन | |

| | | |
|---|---|---|
| 24.09.2019 | निगम में दैनिक वेतन के आधार पर लम्बे समय से कार्यरत चालकों एवं परिचालकों को स्थायी कर्मचारी के रूप में विनियमित करने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.09.2019 | 65. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं ओ0बी0सी0 छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की मद में राज्य सरकार द्वारा अलग–अलग कितनी धनराशि वर्तमान वर्ष में कितने जिलों हेतु अवमुक्त की गई है तथा उसमें से जिला स्तर पर कितनी धनराशि का उपयोग अब तक किया जा चुका है? हरिद्वार जनपद में कितने बच्चों को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया जा चुका है? क्या पूर्ण रूप से सभी बच्चे लाभान्वित हैं ? छात्रवृति से वंचित रह गये बच्चों को लाभान्वित करने की सरकार की क्या कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.09.2019 | 66. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के मानक क्या हैं? वर्ष 2018–19 में हरिद्वार जिले में निर्माण कार्यों हेतु विधान सभावार कितना धन आवंटन किया जा रहा है? वर्ष 2018–19 में विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा हेतु एस0सी0पी0 के अधीन कितना धन आवंटित किया है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.10.2019 | 67. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिछली सरकार के कार्यकाल में एस0सी0/एस0टी0 छात्रवृति वितरण में अनियमितता मिली है? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री मनोज रावत<br>01.10.2019 | 68. क्या पर्यटन मंत्री अवगत करायेंगे कि प्रदेश में पर्यटन विभाग के द्वारा चलाई जा रही होम स्टे योजना में गत तीन सालों में जिलेवार कितने लाभार्थियों को सब्सिडी या सहायता द्वारा लाभान्वित किया गया? गत तीन वित्तीय वर्षों में होम–स्टे योजना में सब्सिडी या सहायता हेतु कितनी धनराशि का प्राविधान रखा गया था? रूद्रप्रयाग जिले में गत तीन सालों में वर्षवार कितने अभ्यर्थियों ने होम–स्टे योजना में केवल रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन किया था और उनमें से कितने अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया? क्या मंत्री जी संबंधित दस्तावेज सदन में प्रस्तुत करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.10.2019 | 69. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में रोटी बैंक योजना जिसका शुभारम्भ रूद्रपुर से किया गया, गरीब, पिछड़े एवं दलित वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए प्रारम्भ की गई है? यदि हां, तो यह योजना राज्य के किन–किन जिलों में लागू है? क्या सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में इस योजना को प्रारम्भ किये जाने की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.10.2019 | 70. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''उत्तराखण्ड वाटर मैनेजमेन्ट प्रोजेक्ट'' गठित कर वाह्य सहायतित योजना के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु भारत सरकार को भेज दिया गया है? यदि हां, तो कब? यदि | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| | नहीं, तो क्यों? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.10.2019 | 71. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि छात्रवृति घोटाले में प्रदेश के किन–किन कॉलेजों पर अब तक कार्यवाही की गयी है और कितना–कितना कॉलेजवार घोटाला सामने आया है एवं जांच सरकार द्वारा कब तक पूरी की जायेगी? सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध अब तक क्या–क्या कार्यवाही की गई है, का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.10.2019 | 72. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पर्यटकों का आकर्षित करने वाली योजनाओं के अन्तर्गत प्रदेश के मैदानी क्षेत्र के नौजवानों हेतु पर्यटन से जुड़े रोजगार मैदानी क्षेत्रों में विकसित करने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.10.2019 | 73. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर छात्रों को इंटर्नशिप की योजना से प्रदेश के कितने छात्रों को लाभ मिला है व जनपदवार संख्या कितनी है तथा इसमें अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़े वर्ग तथा 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग जो आर्थिक आधार पर आरक्षण के पात्र है, की संख्या कितनी है? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.10.2019 | 74. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में कुंभ के मद्देनजर हरकी पैड़ी स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.10.2019 | 75. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि अनुसूचित जाति/अनु0 जनजाति के छात्रों के प्रमाण पत्र, पंचायत चुनाव के चलते न बनने के कारण अधिकतर बच्चे छात्रवृति का फार्म जमा नहीं कर पाये हैं ? क्या सरकार द्वारा फार्म जमा करने की अवधि 15 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवम्बर तक या उससे अधिक करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.10.2019 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 08 में स्थानान्तरित।**<br>76. क्या परिवहन मंत्री इस बात से अवगत हैं कि काशीपुर शहर में निजी बसों एवं ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है और इस समस्या के निदान हेतु काशीपुर में ट्रान्सपोर्ट नगर की स्थापना कराया जाना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा काशीपुर में एस्कार्ट फार्म में सरकार के पास उपलब्ध भूमि में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो इसका शासनादेश जारी हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.10.2019 | 77. क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की 13 डिस्ट्रिक्ट | |

| | | |
|---|---|---|
| | 13 डेस्टिनेशन की योजना के अन्तर्गत काशीपुर जिला उधमसिंहनगर के धार्मिक स्थल तीर्थ द्रोणासागर, मोटेश्वर महादेव मंदिर, मॉ भगती बाल सुन्दरी देवी धाम एवं रमणीक स्थल गिरीताल का सौन्दर्यीकरण कर इन स्थलों को तीर्थाटन की मान्यता प्रदान किए जाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हां, तो सम्बन्धित योजना का आकार और इसकी कार्यावधि क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>17.10.2019 | 78. क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में बहने वाली ढेला नदी में बरसात के मौसम में बाढ़ आने से प्रतिवर्ष नदी के किनारे बसे ग्राम बांसखेड़ाकलां, रायपुरखुर्द, जगन्नाथपुर एवं गुलड़िया एवं विधानसभा क्षेत्र जसपुर का ग्राम बैलजुड़ी के ग्रामीणों की कृषि भूमि व फसल एवं नगर क्षेत्र काशीपुर में इस नदी के किनारे मो0 लक्ष्मीपुरपट्टी में बसी मलिन बस्ती के निवासियों के घर एवं उनका घरेलू सामान प्रतिवर्ष ढेला नदी के बाढ़ की जद में आने से नदी में समा जाता है? यदि हां, तो ढेला नदी की बाढ़ से स्थानीय निवासियों के जान माल की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा सर्वेक्षण कराकर कोई कार्ययोजना बनाई गई है? यदि हां, तो इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.10.2019 | 79. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सभी आर0टी0ओ0 कार्यालयों में ऑनलाइन पेमेन्ट की योजना सुचारू रूप से चालू कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.10.2019 | 80. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा जमरानी बांध परियोजना बनाने हेतु प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जा चुका है? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.10.2019 | 81. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में रैपिड ट्रांजिट सिस्टम व रोपवे परियोजना को कब तक पूरा कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.10.2019 | 82. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार कि प्रदेश में स्प्रिचुअल इको जोन बनाने की कोई योजना है तथा इसमें कहां और कितना क्षेत्रफल लिया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.10.2019 | 83. क्या संस्कृति मंत्री बताने कष्ट करेंगे कि सरकार गैरसैंण में शहीद स्मारक एवं बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा लगाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री देशराज कर्णवाल | 84. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन के दृष्टिकोण से | |

| | | |
|---|---|---|
| 23.10.2019 | वासुकीताल को विकसित किये जाने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 23.10.2019 | 85. सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीझील में कम्प्यूटरीकृत निकासी गेट बनाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल 01.11.2019 | 86. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि परिवहन विभाग में अब तक कितने मृतक आश्रितों को पेंशन तथा सरकारी नौकरी की सुविधा दे दी गयी है ? यदि दी गयी है, तो जिलेवार विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल 04.11.2019 | 87. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में उत्तराखण्ड फुट लांच स्पोर्ट नियमावली, 2018 में संशोधन करने के सम्बन्ध में सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 04.11.2019 | 88. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में संविदा पर परिचालकों की भर्ती किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल 04.11.2019 | 89. क्या बाढ़ नियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में फ्लोटिंग पावर संयन्त्र स्थापित किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियन्त्रण |
| श्री देशराज कर्णवाल 04.11.2019 | 90. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए निजी शैक्षणिक संस्थानों के अन्तर्गत व्यावसायिक/तकनीकी कोर्स करने हेतु छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत शुल्क निर्धारित किया गया है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल 04.11.2019 | 91. पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून पुरकुल गांव से मसूरी तक रोपवे का निर्माण कार्य शुरू किये जाने की सरकार की क्या योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 05.11.2019 | 92. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम–स्टे) विकास योजना नियमावली 2018 में संशोधन किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल 05.11.2019 | 93. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम 2003 की धारा 4 एवं 10 के अन्तर्गत कर की दरों में सरकार द्वारा कोई संशोधन किया गया है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.11.2019 | 94. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग के मण्डल कार्यालय जनपद स्तरीय कार्यालय हेतु सरकार द्वारा ढांचे का सृजन किये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.11.2019 | 95. पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन विकास परिषद् अधिनियम 2001 में क्या–क्या संशोधन किये गये हैं ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.11.2019 | 96. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड मोटरयान नियमावली में सरकार द्वारा कोई संशोधन किये जा रहे है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.11.2019 | 97. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल और हरिद्वार में अवस्थित उत्तराखण्ड परिवहन निगम के बस स्टेशन एवं कार्यशाला हेतु कृषि विभाग की भूमि परिवहन निगम को स्थानान्तरित किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.11.2019 | 98. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड ग्रामीण पर्यटन उत्थान योजना के अन्तर्गत आवास योजना लागू करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.11.2019 | 99. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में राज्य जल नीति के अन्तर्गत राज्य सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.11.2019 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 15 में स्थानान्तरित।**<br>100. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'विरासत का अंगीकार' परियोजना का विस्तार किया जा रहा है अथवा नहीं ? | पर्यटन |